भिलाई क्षेत्र को ओडीएफ प्लस गार्बेज फ्री सिटी बनाने का मुहिम शुरू

भिलाई नगर। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर निगम भिलाई को गार्बेज फ्री सिटी ओडीएफ प्लस बनाने अभियान शुरू किया गया है। स्वच्छता में भिलाई को टॉप 10 में लाने के लिए सभी वर्गो से सहयोग लिया जायेगा। जो कार्य नगर निगम भिलाई के साथ–साथ आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, महिला समूह, खिलाड़ी, स्कूल कालेज के छात्र–छात्राओं के बगैर संभव नहीं होगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव निगम क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये है, जो जाकर कार्यो की मॉनिटरिंग कर रहे है। जोन 1 नेहरू नगर में उपअभियंता श्वेता महेश्वर, जोन 2 वैशालीनगर में उपअभियंता कृष्ण कुमार जंघेल, जोन 3 मदर टेरेसा नगर में उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में उपअभियंता चंदन निर्मलकर, जोन 5 सेक्टर 6 में प्रभा लकड़ा को स्वच्छ भारत मिशन कार्य के लिए आदेशित किया गया है। नोडल अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाईजर, कार्य करने वाली एजेंसी, राज सेवा से नियुक्त पीआईयू से समन्वय बनाकर कार्य करेगें। इसी तारतम में जोन क्रं. 4 वार्ड क्रं. 38 में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, एनयूएलएम के मिशन मैनेजर, पीआईयू, लोक कर्म विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला स्व–सहायता समूह की महिलाएँ, सीईओ, सीआरपी द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। मकानो एवं दुकानो में जाकर सबसे स्वच्छता बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील गई। स्वच्छता में टॉप 10 में लाने के लिए विशेष कार्यो पर ध्यान देना होगा। प्रत्येक धर, दुकान से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे को अलग–अलग करके देना होगा। शहर में कहीं भी कचरे का ढेर न हो निगम के स्वच्छता गाड़ियो में ही कचरा डालें। सार्वजनिक शुलभ शौचालय साफ हो, सड़को गलियों की सफाई हो, बाजार और दुकानो के बाहर डस्ट बीन रखना होगा। जलाशाय, सार्वजनिक स्थल, नगर निगम के उद्यान, व्यापारी प्रतिष्ठान, हाउसिंग सोसायटी, चौंक चौराहों आदि जगहो को साफ–सुथरा रखना होगा। विधायक, महापौर, आयुक्त ने सभी नागरिको से अपील की है कि सबके सहयोग से ही अपने भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप 10 में ला सकते हैं ।